# यूपी और अमेरिका के बीच 'सिस्टर सिटी' का प्र्रस्ताव

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

पांच सदस्यीय अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के साथ कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधि मंडल ने नोएडा व आगरा को अमेरिका के शहरों के साथ 'सिस्टर सिटी' के रूप में विकास के लिए एमओयू करने का सुझाव दिया। साथ ही अयोध्या, काशी, मथुरा व प्रयागराज में धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन की संभावनाओं पर भी उत्सुकता दिखाई।

अमेरिकी दूतावास में उत्तर भारत कार्यालय के निदेशक माइकल रोसेंथाल के नेतृत्व में आए इस प्रतिनिधि मंडल ने यूपी और अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों को और मजबूत करने पर विचार किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने यूपी में बढ़ रही ढांचागत सुविधाओं, उद्योगों के संबंध में स्पष्ट नीति, कानून-व्यवस्था, नई शिक्षा नीति, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी दी।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों का ऑफ कैंपस बनेगा

प्रतिनिधि मंडल ने यूपी में अमेरिका के बड़े विश्वविद्यालयों के ऑफ कैंपस बनाने और यूपी के विश्वविद्यालयों तथा अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ वर्चुअल शिक्षण कार्य शुरू करने का प्रस्ताव भी पेश किया।